Rediffusion/Edelman

CoverageReport: TCS IT Wiz – Delhi Edition

Publication: Punjab Kesari
Date: 28/10/2014
Edition: New Delhi
Page No:11
Headline: Delhi edition of TCS IT Wiz on November 8

टीसीएस आईटी विज का दिल्ली संस्करण अगले महीने

नई दिल्ली, (सं): जानी-मानी आईटी सर्विस, कंसल्टिंग और बिजनेस सोल्यूशन कंपनी टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज (टीसीएस) के टीसीएस आईटी विज 2014 के दिल्ली संस्करण का आयोजन शनिवार, 8 नवम्बर को डोगरा हाल, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टैक्नोलाजी (आईआईटी) नई दिल्ली में होगा।

इस क्विज में हाईस्कूल में कक्षा 8 से 12वीं तक पढ़ने वाले (प्री यूनिवर्सिटी के जूनियर कालेज छात्रों समेत) छात्र हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। प्रत्येक संस्थान इसमें दो सदस्यों वाली दस टीमें भेज सकता है। टीसीएस आईटी विज 2014 का आयोजन देशभर के 14 स्थानों पर किया गया है- अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुम्बई, नागपुर और पुणे।

क्विज का फार्मेट : लिखित प्रारंभिक परीक्षा के आधार पर चुनी गई छह शीर्ष टीमें रीजनल फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। यदि किसी स्कूल से एक से अधिक टीमों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया तो उस स्कूल से सबसे ज्यादा अंक लेने वाली टीम को ही बुलाया जाएगा।

रीजनल फाइनल के विजेता को यूएई टीम के साथ मेगा फाइनल में दिसम्बर में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस साल प्रत्येक रीजनल चैम्पियन को आईपैड एयर दिया जाएगा, जबकि उपविजेताओं को आईपैड मिनी और साथ ही एक खास ट्राफी तथा पदक भी दिए जाएंगे। 6 फाइनलिस्टों को टीसीएस की ओर से उपाहारस्वरूप स्पेस पैक, सिपर्स, ईयरफोन, यूएसबी पैन ड्राइव, स्पीकर आदि दिए जाएंगे।